To
Department of Corporate Services,
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street,
Mumbai – 400 001

To
Listing Department,
National Stock Exchange of India Limited
C-1, G-Block, Bandra - Kurla Complex
Bandra (E), Mumbai – 400 051

**Scrip Code: 540403, Scrip Symbol: CLEDUCATE**
**ISIN:- INE201M01011**

Dear Ma'am/Sir(s),

**Sub: Disclosure pursuant to Regulation 30(1) read with Regulation 47(3) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

In continuation to our letter dated February 03, 2020, please find enclosed the copies of newspaper advertisements published in Financial Express and Dainik Bhaskar editions dated February 04, 2020, w.r.t. intimation of the Board Meeting to be held on 10th February, 2020, *inter alia*, to consider and approve the Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) of the Company, for the quarter and nine months' period ended December 31, 2019.

The above information is also available on the Company's website (www.cleducate.com).

Kindly take the above details on record.

Thanking You

**For CL Educate Limited**

CL EDUCATE LIMITED

**Rachna Sharma**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**M. No. A17780**

**Place: New Delhi**
**Date: February 04, 2020**

Encl: Newspaper Clippings

देखभाल ज़रूरी है !
एक एक बाल ज़रूरी है !
ज़ुल्फ राज सप्ताह में 3 बार 3 महीने तक
100 ml ऑइल/ शैम्पू में उपलब्ध
जुल्फ राज हेयर ऑइल के नियमित इस्तेमाल से बालों की निम्न समस्याओं से राहत पाएं:
क्षीर पाक विधि द्वारा निर्मित | पूर्णतः आयुर्वेदिक हेयर ऑइल
Sarina HERBAL PVT. LTD.
✓ बालों का झड़ना ✓ दोमुंहे बाल ✓ बालों का कम बढ़ना
✓ डैण्ड्रफ और रुखापन ✓ बालों का सफेद होना زلف راج آئل
Available on: amazon Flipkart Paytm
सभी मेडीकल, जनरल एवं आयुर्वेदिक स्टोर्स पर उपलब्ध
Email : sarinaherbal@gmail.com | www:sarinaherbal.com
For Trade & Product Enquiry: 63543-90160
*T&C APPLY

इनेलो, कांग्रेस व भाजपा सरकार में 3 बार विधानसभा में प्रस्ताव हो चुका पास

# अलग हाईकोर्ट के लिए हरियाणा ने फिर से केंद्र को भेजी चिट्ठी

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

अलग हाई कोर्ट लिए राज्य सरकार दो साल बाद फिर से सक्रिय हो गई है। मिनिस्टरी ऑफ लॉ एंड जस्टिस को फिर से चिट्ठी लिखकर अलग हाई कोर्ट बनाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही सीएम मनोहर लाल ने भी अधिकारियों के साथ मंत्रणा की है। विधानसभा की आश्वासन कमेटी ने भी गृह विभाग से प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी तो जवाब दिया कि 13 जनवरी 2020 को ही लॉ एंड जस्टिस डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी को एसीएस होम की ओर से चिट्ठी लिखी गई है। इससे पहले अलग हाई कोर्ट को लेकर ओपी चौटाला सरकार में 14 मार्च 2002, हुड्डा सरकार में 15 दिसंबर 2005 व भाजपा सरकार ने 4 मई 2017 को विधानसभा में हरियाणा हाई कोर्ट बनाने का प्रस्ताव पास किया। फिर 7 मार्च 2018 को लॉ एंड जस्टिस डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी सुरेश चंद्र को चिट्ठी लिखी गई। अब सरकार ने रिमाइंडर लेटर भेजा है। विधानसभा की आश्वासन कमेटी के सदस्य लक्ष्मण यादव ने भी पुष्टि की है।

### अब आगे प्रक्रिया क्या

- केंद्र को संसद में पंजाब रि-ऑर्गेनाइजेशन एक्ट-1966 में संशोधन कराना पड़ेगा।
- फिर मामला लॉ एंड जस्टिस के पास जाएगा।
- सुप्रीम कोर्ट भी इसे देखेगा।
- औपचारिकताएं पूरी होने के बाद केंद्र के जरिए आखिर में राष्ट्रपति के पास जाएगा, वहीं से नोटिफिकेशन होगा।

## कुल्लू में इजराइली नागरिक ढाई किलो चरस के साथ अरेस्ट

कुल्लू | कुल्लू पुलिस ने बजौरा टीसीपी नाके पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक निजी वोल्वो बस में सफर कर रहे एक विदेशी नागरिक से अढाई किलोग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने विदेशी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया है। बीती रात मनाली से दिल्ली जा रही एक वोल्वो बस को जब बजौरा टीसीपी नाके के पास चैकिंग के लिए रोका और तलाशी ली गई तो उसमें बैठे एक इजराइली नागरिक 42 वर्षीय शाऊल बोरॉव के कब्जे से ढाई किलो चरस बरामद की है। पूछताछ में इजराइली नागरिक ने बताया कि उसने मनाली के बशिष्ठ में एक किराए के कमरे में करीब 1 माह से 10 छोटे बड़े बाउल्स में चरस को पैक किया जिसे वो वाराणसी ले जा रहा था।

# ऊना में तेज रफ्तार कार ने दादी-पोती को रौंदा, दोनों की मौत, बहू गंभीर रूप से घायल

घायल को ऊना अस्पताल में भर्ती कराया, कार चालक के खिलाफ केस दर्ज



ऊना | रक्कड़ कॉलोनी में प्रतिष्ठित निजी स्कूल के पास दिल्ली नंबर एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने एक ही परिवार से 11 वर्षीय बच्ची समेत तीन महिलाओं को रौंद डाला। हादसे में 55 वर्षीय दादी और 11 साल की पोती की मौत हो गई। जबकि 33 साल की महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। मृतकों की पहचान बहडाला निवासी 55 वर्षीय पवना देवी और उसकी पोती शिवानी के रूप में हुई है। मृतका पवना देवी की बहू मोनिका घायल हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को रीजनल अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों के सौंप दिया। घायल महिला का उपचार जारी है। वहीं हादसे के संबंध में अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है। पवना देवी अपनी आंखों की जांच करवाने के लिए बहू मोनिका और पोती शिवानी के साथ रक्कड़ स्थित निजी आई हॉस्पिटल आई थी। इसी दौरान सड़क किनारे चलते हुए तेज रफ्तार कार ने तीनों को रौंद डाला।

## हिंसा पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए सभी जिलों में 'सखी सेंटर' शुरू

चंडीगढ़ | पंजाब सरकार ने हिंसा पीड़ित महिलाओं को हर तरह की सहायता एक छत के नीचे मुहैया करने के मंतव्य से राज्य के सभी जिलों में सखी सेंटर स्थापित किये हैं। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की इस पहल के तहत राज्य भर में 22 सखी सेंटर सफलतापूर्वक चल रहे हैं, जिनमें समर्पित स्टाफ तैनात किया गया है, जो हिंसा पीड़ित महिलाओं को अपेक्षित सहायता मुहैया करवा रहा है। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री अरुणा चौधरी ने यहां दी। पीड़ित महिलाओं को एक छत के नीचे मनोवैज्ञानिक, डॉक्टरी, कानूनी सुविधा मुहैया करने के लिए ये सेंटर चलाए जा रहे हैं।

## हिमाचल में लाइसेंस के बाद अब ट्रांसपोर्ट से जुड़ी कई सुविधाएं ऑनलाइन

शिमला | हिमाचल परिवहन विभाग ने आम लोगों को परिवहन संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए वेब आधारित सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से कोई भी व्यक्ति किसी भी स्थान से परिवहन सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इस प्रकार उन्हें परिवहन विभाग के कार्यालयों में आने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से लोगों को घर-द्वार पर लाइसेंस के अलावा अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। सरकार ने लोकमित्र केंद्र, जन सेवा केंद्रों को इसके लिए अधिकृत किया है, जिनके माध्यम से लोग अलग अलग सेवाओं के लिए आवश्यक शुल्क सहित ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। परिवहन मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर का कहना है कि परिवहन विभाग में अपने काम के लिए लोगों को अब कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं हैं।

# विज के एतराज जताने पर बनी थी कैबिनेट की 3 मंत्रियों की सब-कमेटी

### जमीन स्थानांतरण के लिए पहले से बनी हुई थी अफसरों की कमेटी

राजधानी हरियाणा | प्रदेश में विभागों में जमीनों के आपसी स्थानांतरण को लेकर मंत्रियों की सब कमेटी ऐसे ही नहीं बनी। क्योंकि इस कमेटी के बनने से अधिकारियों की यह पावर खत्म हो गई। इसलिए 31 दिसंबर की दिल्ली में हुई कैबिनेट की मीटिंग में कुछ अफसरों ने नई सब कमेटी के गठन को लेकर आनाकानी की थी लेकिन गृह मंत्री अनिल विज अड़ गए थे। जैसे में कोई दूसरा मंत्री नहीं बोला। इस कमेटी को लेकर कैबिनेट का काफी देर तक मंथन हुआ था। बताया गया है कि जब एक-एक कर एजेंडों पर चर्चा हो रही थी तभी यह जमीन हस्तांतरण का मामला सामने आया। इस पर गृह मंत्री विज ने एतराज जताया। इसी बीच एक सीनियर आईएएस ने कहा कि जमीन हस्तांतरण के लिए अधिकारियों की एक कमेटी बनी हुई है। जिसके अध्यक्ष राजस्व विभाग के एसीएस हैं। कमेटी में एसीएस, फाइनेंस और संबंधित विभाग के एसीएस या प्रिंसिपल सेक्रेट्री सदस्य हैं। सूत्रों का कहना है कि इस पर विज ने कहा कि यह रूल्स ऑफ बिजनेस के खिलाफ है। नियमों को ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि अफसरों की ही कमेटी बनाई जाए। एसीएस फाइनेंस का कार्यभार संभाल रहे सीनियर आईएएस वी उमाशंकर ने अफसरों की कमेटी का समर्थन किया तो विज ने स्पष्ट कह दिया कि किसी को गुमराह न किया जाए। कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए अधिकारियों की कमेटी बनाने का क्या औचित्य है। सूत्रों का कहना है कि इसके बाद ही तीन मंत्रियों की सब कमेटी बनाई गई। जिसके बाद ही अधिकारियों की कमेटी को हटाकर नई कमेटी बनी।

आयशर ट्रैक्टर्स
ट्रैक्टर्स दमदार उपहार शानदार
आयशर 485 HD
₹ 5,74,999/-*
•45 H.P. •डबल क्लच •MSPTO
•HD फ्रंट एक्सल •1700kg लिफ्ट
•पॉवर स्टीयरिंग (वैकल्पिक)
मुफ़्त*
TVS स्पोर्ट बाईक* आयशर 485 की खरीद पर
(2.0 mtr.) एग्रीस्टार रोटोटिलर* आयशर 551 की खरीद पर
नई पेशकश
आयशर 551 i_line
₹ 7,14,999/-*
•50 H.P. •डबल क्लच
•साईड शिफ्ट •पॉवर स्टीयरिंग
•ऑक्ज़िलियरी वॉल्व •MSPTO
SINCE 1959
(0.37 x 0.71 मीटर) 14.9-28
(0.37 x 0.71 मीटर) 14.9-28
अभी फ्री कॉल करें 02240375754 या संपर्क करें : 9034425364
Manufactured and Marketed by TAFE Motors and Tractors Limited, under a licence from Eicher Goodearth Private Limited. EICHER is the exclusive trademark of Eicher Goodearth Private Limited.
AgriStar रोटो टिलर बचत का बादशाह
यह ऑफ़र स्टॉक रहने तक हरियाणा के आयशर ट्रैक्टर डीलरों की ओर से नक़द भुगतान एवं सीमित समय के लिए ट्रैक्टर्स की खरीद पर मान्य। इसमें एक्सचैन्ज, इम्प्लीमेन्ट, ट्रॉली हुक, रजिस्ट्रेशन, इनश्योरेन्स, बैंक खर्च व अन्य कोई छूट मान्य नहीं। शर्तें लागू।*

# प्रदूषण कम करने को नहीं किया प्रयास, 4 थर्मल प्लांट के महाप्रबंधकों को शो कॉज नोटिस

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

प्रदूषण नियंत्रण के लिए कोई प्रयास न करने पर प्रदेश के चार थर्मल प्लांट के महाप्रबंधकों को सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से शो कॉज नोटिस जारी किया है। महाप्रबंधकों से इसे लेकर 15 दिन में जवाब मांगा है। जिन थर्मल प्लांटों को नोटिस जारी हुआ है, उनमें दीनबंधू छोटूराम थर्मल पावर स्टेशन यमुनगार, इंदिरा गांधी थर्मल पावर प्लांट झाड़ली झज्जर, राजीव गांधी थर्मल पावर प्रोजेक्ट बरवाला हिसार और पानीपत थर्मल पावर स्टेशन शामिल हैं। इनसे आस-पास के इलाकों में खतरनाक स्तर पर प्रदूषण हो रहा है। जबकि सरकार चाहे तो करीब 1600 करोड़ रुपए खर्च करके लोगों को राहत दे सकती है। बता दें कि 2015 में थर्मल पावर प्लांटों के लिए प्रदूषण को लेकर नियमों में संशोधन हुआ था, जिसके तहत इन्हें कुछ इक्यूप्मेंट्स नए लगाए जाने थे, जिनसे प्रदूषण की मात्रा हो जाती है।

### यूनिट में लगाने थे ये इक्यूपमेंट

सीपीसीबी की ओर से हरियाणा के इन चारों प्लांटों को प्रदूषण कम करने के लिए कुछ इक्यूपमेंट लगाने के निर्देश दिए थे। जो प्लांटों में इंस्टॉल होते तो प्रदूषण कम हो सकता था। इनमें इलेक्ट्रो स्टेटिक प्रेसीपीटेटर्स, फ्लू गैस डी-सल्फराइजेशन (एफजीडी) और नाइट्रोजन ऑक्साइड की मात्रा कम करने के लिए बर्नर लगाया जाना था। जो अभी तक नहीं लगे।

उम्मीद जताई गई थी कि पावर प्लांट प्रदूषण कम करने के आस-पास रहने वाले लोगों को कुछ राहत देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यानि मोटी राशि खर्च करने की बजाए पावर प्लांट लोगों को प्रदूषण फैलाकर खतरे में डाल रहे हैं। नोटिस में कहा गया है कि 15 दिन में जवाब नहीं दिया तो प्लांटों को लेकर बोर्ड नियमानुसार कार्यवाही करेगा।

## 9 को पंचायती राज उपचुनाव के लिए बंद रहेंगे प्रतिष्ठान

चंडीगढ़ | जिन क्षेत्रों में 9 फरवरी को पंचों, सरपंचों और पंचायत समिति सदस्यों के 9 फरवरी को उपचुनाव हैं, वहां दुकानों व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अवकाश घोषित किया है गया। ताकि उस क्षेत्र के मजदूर भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। श्रम विभाग ने इस बारे में एक अधिसूचना जारी की है।

सेक्स समस्यायें
Vecuum Therapy
छोटा इन्द्री, निराश क्यों ?
यंत्र के द्वारा आप अपने इन्द्री को लम्बा, मोटा कर इन्द्री के टेढ़ापन, तिरछापन को दूर कर कड़क, कठोर बनाकर मनचाहा सेक्स टाइम बढ़ायें।
30 दिनों की दवा के साथ कामसूत्र पुस्तिका फ्री मंगायें स्त्री-पुरूष कृत्रिम अंग उपलब्ध
100% आयुर्वेदिक लाभ नहीं तो पैसा वापस
09007652025
09093861983

CL educate
CL Educate Limited
CIN: L74899HR1996PLC076897
Registered Office: Plot No. 9A, Sector-27A, Mathura Road, Faridabad, Haryana- 121003
Corporate Office: A-45, First Floor, Mohan Co-operative Industrial Estate, New Delhi -110044
Tel: +91 (11) 4128 1100, Fax: +91 (11) 4128 1101 E-mail: compliance@cleducate.com, Website: www.cleducate.com
NOTICE
Notice is hereby given that, pursuant to Regulation 33 read with Regulation 47(1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Monday, February 10, 2020, at A-45, First Floor, Mohan Co-operative Industrial Estate, New Delhi - 110044, inter alia, to consider and approve the Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) of the Company, for the quarter and nine months' period ended December 31, 2019.
The information is also available on the website of the Company (www.cleducate.com), of BSE Limited (www.bseindia.com), and of the National Stock Exchange of India Limited (www.nseindia.com).
For CL Educate Limited
Sd/-
Gautam Puri
Vice Chairman & Managing Director
Place: New Delhi
Date: February 03, 2020

दैनिक भास्कर
जीतो 21 करोड़
जीतो 21 करोड़ स्कीम में अपना गारंटेड गिफ्ट सुनिश्चित करें
जीतो 21 करोड़ में गारंटेड गिफ्ट प्राप्त करना होगा आसान, आप चुन सकते है किस सेंटर से आप अपना गारंटेड गिफ्ट प्राप्त करना चाहते है।
आपको करना है बस इतना...
• मोबाइल नंबर 9292919292 पर मिस्ड कॉल दे या QR कोड स्कैन करें
• SMS पर प्राप्त लिंक पर जाकर एक आसान फॉर्म में अन्य जानकारी के साथ अपना गिफ्ट कलेक्शन सेंटर चुनें।
• फॉर्म सबमिट करके, प्राप्त रजिस्ट्रेशन कोड अपने स्कीम फॉर्मेट पर लिख लें।
स्कीम फॉर्मेट पर आपको वही जानकारी जैसे नाम, पता एवं मोबाइल नंबर आदि भरना होगा, जो आपने ऑनलाइन फॉर्म में भरा है, इसमें अंतर होने पर आप मेगा ड्रा में शामिल नहीं हो सकेंगे।
इसके फायदे...
1. चुने गए कलेक्शन सेंटर पर गारंटेड गिफ्ट प्राप्त करने में सुविधा होगी।
2. फॉर्मेट जमा करने के बदले प्राप्त डिजिटल रसीद आसानी से संभाल कर रख सकते हैं।
3. स्कीम से सम्बंधित सूचनाएं आपको मोबाइल पर भी मिलती रहेगी।
4. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करते ही आप भास्कर गोल्ड क्लब* के सदस्य भी बन जायेंगे, इससे आप भविष्य में समय-समय पर केवल गोल्ड क्लब के सदस्यों के लिए चलायी जाने वाली योजनाओं के भागीदार हों सकेंगे
*गोल्ड क्लब की मेंबरशीप, 'जीतो 21 करोड़' स्कीम में भाग नहीं ले रहे अन्य पाठकों के लिए भी उपलब्ध है।
प्री-रजिस्ट्रेशन करने की अवधि 28 जनवरी से 10 फरवरी तक
रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में सहायता के लिए 0755 3913020/3913323 नंबर पर कॉल करें
"जिन पाठको ने अब तक प्री-रजिस्ट्रेशन नहीं किया है वह तुरंत करे और लाभ उठाएं।"
कूपनों का प्रकाशन जारी है। कूपन अपने फॉर्मेट में चिपकाकर उसे पूरा करें।

